| (6) | **600** | अतारांकित प्रश्न सं. 184 (प्रश्न क्रं. 6484) दिनांक: 20/03/2017 (श्री केदारनाथ शुक्ल) | भोपाल शहर स्थित सागर इंस्ट्रीट्यूट ऑफ रिसर्च, टेक्नोलॉजी एण्ड साइंस के छात्रों से अनुचित तरीके से द्वितीय व तृतीय वर्ष का शुल्क नियम विरूद्ध जमा कराने की जांच व निष्कर्ष के आधार पर दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाना । | जांच कराकर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी । | जाँच समिति से प्राप्त प्रतिवेदन अनुसार संस्था द्वारा छात्र श्री विक्रम सिंह को पंचम सेमेस्टर (तुतीय वर्ग) में प्रावधिक प्रवेश दिया जाकर शैक्षणिक शुल्क रूपये 39000/- प्राप्त किया गया। छात्र का प्रथम वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित होने पर सीजीपीए 5 से कम होने के कारण तृतीय वर्ष में प्रवेश की पात्रता (रागांप्रोवि के नियमानुसार) न बनने के कारण प्रवेश निरस्त किया गया। छात्र द्वारा आवेदन प्रस्तुत न करने के कारण प्राप्त की गई शैक्षणिक शुल्क की राशि वापस नहीं की गई। छात्र द्वारा प्रावधिक प्रवेश के समय जमा की गई शैक्षणिक शुल्क की राशि एचडीएफसी बैंक के चैक क्रमांक 000644 रूपये 39000/- दि.10.07.2017 के द्वारा वापस कर दी गई है।<br>**ऑनलाईन प्राप्त विभागीय जानकारी**<br>**दिनांक :-08/02/2018** | कोई टिप्पणी नहीं. |
| (7) | **787** | तारांकित प्रश्न सं. 9 (प्रश्न क्रं. 7208) दिनांक: 27/03/2017 (श्री रमेश पटेल) | राजीव गांधी प्रौद्योगिकी महाविद्यालय भोपाल के अंतर्गत वर्ष 2015-16 के उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को समय-सीमा में डिग्रीयां वितरण नहीं किये जाने की जांच एवं जांच निष्कर्ष के आधार पर दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाना । | (1) जाँच प्रचलन में है । जाँच उपरांत ही गुण-दोष के आधार पर उत्तरदायित्व का निर्धारण किया जा सकेगा ।<br><br>(2) जाँच के निष्कर्ष के आधार पर जवाबदेही तय की जावेगी एवं तदनुसार नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी ।<br><br>(3) कार्यमुक्ति की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है । जांच उपरांत कार्यवाही की जायेगी । | विभागीय आदेश क्रमांक एफ-1-16/2017/42-1, दिनांक 24-02-2018 द्वारा विभागीय जाँच संस्थित की गई है एवं विभागीय आदेश दिनांक 25-01-2019 के द्वारा कुलसचिव, रागांप्रौवि, भोपाल को कार्यमुक्त किया जा चुका है।<br>**ऑनलाईन प्राप्त विभागीय जानकारी**<br>**दिनांक :-09/02/2019** | कोई टिप्पणी नहीं. |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| (8) | **788** | परिवर्तित अतारांकित प्रश्न सं. 26 (प्रश्न क्रं. 3928) दिनांक: 27/03/2017 (श्री शैलेन्द्र जैन) | इंदिरा गांधी शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज सागर के कारपस फण्ड की डिपॉजिट राशि की एफ.डी.आर. विलंब से लिये जाने की जांच एवं कार्यवाही की जाना । | जी हां । जांच कर कार्यवाही की जावेगी । | शासन द्वारा डॉ. एच.के. मिश्रा, तत्कालीन प्राचार्य, इंजीनियरिंग महाविद्यालय, सागर को दिनांक 17-01-2019 को आरोप पत्रादि जारी कर दिये गये है।<br>**ऑनलाईन प्राप्त विभागीय जानकारी**<br>**दिनांक :-12/02/2019**<br><br>**<u>अद्यतन जानकारी</u> :-**<br>शासन द्वारा डॉ.एच.के. मिश्रा, तत्कालीन प्राचार्य, इंजीनियरिंग महाविद्यालय, सागर के विरूद्ध नियमित विभागीय जाँच संस्थित किये जाने का निर्णय दिनांक 26/06/2020 को लिया गया है।<br>**ऑनलाईन प्राप्त विभागीय जानकारी**<br>**दिनांक :-04/07/2020**<br><br>**<u>अद्यतन जानकारी</u> :-**<br>डॉ. एच.के. मिश्रा तत्कालीन प्राचार्य, इंजीनियरिंग महाविद्यालय, सागर के विरूद्ध प्रचलित विभागीय जाँच प्रकरण में गुण-दोष के आधार पर कार्य के प्रति लापरवाही के लिये विभागीय आदेश क्र. एफ 1-01/2019/42-1 दिनांक 08/01/2021 द्वारा सचेत किया गया है।<br>**ऑनलाईन प्राप्त विभागीय जानकारी**<br>**दिनांक :-05/02/2021** | कोई टिप्पणी नहीं. |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (9) | **789** | अतारांकित प्रश्न सं. 87 (प्रश्न क्रं. 6519) दिनांक: 27/03/2017 (श्री रामनिवास रावत) | राजीव गांधी प्रौद्योगिकी महाविद्यालय भोपाल के अंतर्गत वर्ष 2015-16 के उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को समय-सीमा में डिग्रीयां वितरण नहीं किये जाने तथा कन्टेनर/लिफाफे का टेण्डर समय पर नहीं किये जाने की जांच एवं जांच निष्कर्ष के आधार पर दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाना। | जाँच प्रक्रिया प्रचलन में है। जाँच निष्कर्ष के उपरांत ही गुण-दोष के आधार पर कार्यवाही की जावेगी। | विभागीय पत्र दिनांक 23.12.2017 के द्वारा दोषी श्री एस.के. जैन कुल सचिव, राजीव गॉंधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के विरूद्ध आरोप पत्र जारी कर विभागीय जांच संस्थित की गई है।<br>**ऑनलाईन प्राप्त विभागीय जानकारी**<br>**दिनांक :-08/02/2018**<br><br>**<u>अद्यतन जानकारी</u> :-**<br>विभागीय आदेश क्रमांक एफ-1-16/2017/42-1, दिनांक 24/02/18 द्वारा विभागीय जांच संस्थित किये जाने का निर्णय लिया गया।<br>**ऑनलाईन प्राप्त विभागीय जानकारी**<br>**दिनांक :-11/02/2019**<br><br>**<u>अद्यतन जानकारी</u> :-**<br>जांच प्रतिवेदन एवं लोक सेवा आयोग की अनुशंसा के आधार पर विभागीय आदेश क्रमांक एफ-1-16/2017/42-1, दि.02.06.2020 के द्वारा श्री एस.के. जैन, तत्कालीन कुलसचिव, रागाप्रौवि, भोपाल के विरूद्ध मध्यप्रेदश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 10 के अंतर्गत एक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी गई है।<br>**ऑनलाईन प्राप्त विभागीय जानकारी**<br>**दिनांक :-11/06/2020** | कोई टिप्पणी नहीं. |
| (10) | **790** | अतारांकित प्रश्न सं. 160 (प्रश्न क्रं. 7408) दिनांक: 27/03/2017 (श्री सुन्दरलाल तिवारी) | सिवनी जिले के शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य के विरूद्ध प्राप्त शिकायत की जांच एवं कार्यवाही की जाना। | प्राप्त शिकायत जाँच अधीन है। | प्राचार्य, शासकीय पोलीटेकनिक महाविद्यालय, सिवनी के विरूद्ध प्राप्त शिकायतें जाँच अनुसार निराधार पायी गई है।<br>**ऑनलाईन प्राप्त विभागीय जानकारी**<br>**दिनांक :-11/07/2017** | कोई टिप्पणी नहीं. |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (11) | **791** | अतारांकित प्रश्न सं. 186<br>(प्रश्न क्रं. 7658)<br>दिनांक: 27/03/2017<br>(श्री सचिन यादव) | राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल के कुलसचिव डॉ. एस.के.जैन को जारी कारण बताओ सूचना पत्र के पश्चात् प्राप्त प्रति उत्तर के आधार पर नियमानुसार कार्यवाही की जाना। | जाँच कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। जाँच के निष्कर्ष अनुसार निर्णय लिया जायेगा। | विभागीय पत्र दिनांक 23.12.2017 के द्वारा दोषी के विरूद्ध आरोप पत्र जारी कर विभागीय जाँच संस्थित की गई है।<br>**ऑनलाईन प्राप्त विभागीय जानकारी**<br>**दिनांक :-24/07/2018**<br><br><u>अद्यतन जानकारी</u> :-<br>जांच प्रतिवेदन एवं लोक सेवा आयोग की अनुशंसा के आधार पर विभागीय आदेश क्रमांक एफ-1-16/2017/42-1, दि.02.06.2020 के द्वारा श्री एस.के. जैन, तत्कालीन कुलसचिव, रागाप्रौवि, भोपाल के विरूद्ध मध्यप्रेदश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 10 के अंतर्गत एक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी गई है।<br>**ऑनलाईन प्राप्त विभागीय जानकारी**<br>**दिनांक :-11/06/2020** | कोई टिप्पणी नहीं. |

| क्र. | आश्वाशन क्रमांक | प्रश्न संख्या/प्रश्न क्रमांक दिनांक / सदस्य का नाम | संक्षिप्त विषय | आश्वासन का रूप | शासन द्वारा की गई कार्यवाही | समिति का अभिमत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| (1) | **378** | अतारांकित प्रश्न सं. 136 (प्रश्न क्रं. 4133) दिनांक: 06/03/2017 (श्री गोविन्द सिंह पटेल) | म.प्र. श्रम कल्याण मण्डल मुख्यालय भोपाल में कार्यरत् दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित किया जाना एवं भविष्य निधि योजना का लाभ दिया जाना। | मण्डल के निर्णय अनुसार कार्यवाही की जा सकेगी। | 1. म.प्र. श्रम कल्याण मण्डल मुख्यालय भोपाल में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमित किये जाने सम्बन्धी शासन द्वारा गठित समिति द्वारा मण्डल के कर्मचारियों को नियमित किये जाने के सम्बन्ध में कार्यवाही निरंतरित है।<br>2. म.प्र. श्रम कल्याण मण्डल मुख्यालय भोपाल में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के भविष्य निधि योजना के सम्बन्ध में वर्तमान में मण्डल का पुनर्गठन नहीं है। मण्डल का पुनर्गठन होने पर भविष्य निधि योजना के सम्बन्ध में मण्डल की बैठक में प्रस्ताव विचारार्थ रखा जावेगा।<br>**ऑनलाईन प्राप्त विभागीय जानकारी**<br>**दिनांक :-31/05/2017**<br>**<u>अद्यतन जानकारी</u> :-**<br>1. म.प्र. श्रम कल्याण मण्डल मुख्यालय भोपाल में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमित किये जाने सम्बन्धी शासन द्वारा गठित समिति द्वारा मण्डल के कर्मचारियों को नियमित किये जाने के सम्बन्ध में कार्यवाही निरंतरित है।<br>2. म.प्र. श्रम कल्याण मण्डल मुख्यालय भोपाल में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के भविष्य निधि योजना के सम्बन्ध में वर्तमान में मण्डल का पुनर्गठन नहीं है। मण्डल का पुनर्गठन होने पर भविष्य निधि योजना के सम्बन्ध में मण्डल की बैठक में प्रस्ताव विचारार्थ रखा जावेगा।<br>**ऑनलाईन प्राप्त विभागीय जानकारी**<br>**दिनांक :-01/09/2017** | कोई टिप्पणी नहीं. |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | <u>अद्यतन जानकारी</u> :-<br>नीतिगत निर्णय मण्डल द्वारा लिये जाते है, किन्तु वर्तमान में पुनर्गठन नहीं हुआ है। ऐसी स्थिति में श्रम कल्याण मण्डल के संचालक मण्डल का पुनर्गठन होने के पश्चात प्रस्ताव मण्डल के समक्ष निर्णय हेतु रखा जावेगा। तदानुसार नियमानुसार नियमतीकरण की कार्यवाही की जावेगी ।<br>**ऑनलाईन प्राप्त विभागीय जानकारी**<br>**दिनांक :-19/06/2018**<br><br><u>अद्यतन जानकारी</u> :-<br>मध्यप्रदेश श्रम कल्याण मण्डल के आदेश दिनॉक 20/12/2018 द्वारा सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्र. एफ 52/2013/1/3 भोपाल दिनॉक 07 अक्टूबर 2016 में अंकित निर्देशों एवं मापदण्डों के अनुसार दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों के लिये "स्थायी कर्मियों" को विनियमित करने के योजना का लाभ प्रदाय करने हेतु माननीय अध्यक्ष महोदय के अनुमोदन दिनॉक 08/09/2018 से स्वीकृत किया गया ।<br>**ऑनलाईन प्राप्त विभागीय जानकारी**<br>**दिनांक :-26/04/2019** | |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (2) | **621** | तारांकित प्रश्न सं. 14 (प्रश्न क्रं. 3562) दिनांक: 20/03/2017 (डॉ. रामकिशोर दोगने) | हरदा जिलान्तर्गत श्रम विभाग के अधिकारियों द्वारा बाल श्रम व बाल शोषण रोकने की असत्य जानकारी देने के दोषियों की जांच एवं जांच निष्कर्ष के आधार पर कार्यवाही की जाना। | (1) हम भी कार्यवाही करेंगे।<br><br>(2) पहले उन्हें जांच तो कर लेने दें। | 1. हरदा जिले में श्रम विभागीय अमले द्वारा बाल श्रम एवं बाल शोषण को रोकने के लिये नियमित रूप से कार्यवाही की जाती रही है जैसा कि मूल प्रश्न की जानकारी में भी उल्लेख किया गया है कि प्रश्नांकित अवधि में जिले में बाल श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के अंतर्गत कुल 314 निरीक्षण किये गये थे तथा अधिनियम के प्रावधानों के उल्लंघन पाये जाने पर 86 प्रकरणों मे न्यायालय में अभियोजन दायर किये गये थे जिनमें से 52 प्रकरणों में न्यायालय द्वारा रूपये 1,10,500/- का अर्थदण्ड आरोपित किया जा चुका है।<br>2. जहां तक असत्य जानकारी का प्रश्न है इस संबंध में वस्तुस्थिति यह है कि दिनांक 06.06.2016 को हरदा रेल्वे स्टेशन पर कतिपय व्यक्तियों द्वारा बच्चों को मुबंई में काम दिलाने का लालच देकर पंजाब मेल द्वारा ले जाने संबंधी दुर्व्यापार (टेफिकिंग) करने की सूचना पर पुलिस द्वारा जांच कर प्रकरण में दो व्यक्तियों के विरूद्ध भारतीय दण्ड विधान की धारा 370 के अंतर्गत न्यायालय में अभियोजन प्रस्तुत किया था। न्यायालय द्वारा दिनांक 11.01.2017 को निर्णय पारित करते हुए अभियुक्तों को दोष मुक्त कर दिया गया है चूंकि यह कार्यवाही पुलिस द्वारा की गई थी। अतः इसकी जानकारी श्रम विभाग को नहीं होने से इसका उल्लेख प्रश्न के उत्तर में नहीं किया गया था। तथापि यह भी उल्लेखनीय है कि उक्त सभी बच्चों की उम्र 14 वर्ष से अधिक होने से वे बाल श्रमिक नहीं थे। अतः असत्य जानकारी एवं इस आधार पर दोषियों पर कार्यवाही संबंधी प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।<br>**ऑनलाईन प्राप्त विभागीय जानकारी**<br>**दिनांक :-17/11/2017** | कोई टिप्पणी नहीं. |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (3) | **812** | अतारांकित प्रश्न सं. 50 (प्रश्न क्रं. 5719) दिनांक: 27/03/2017 (श्री शैलेन्द्र जैन) | सागर संभागीय कार्यालय में स्वीकृत श्रम निरीक्षकों के रिक्त पदों की पूर्ति की जाना। | श्रम निरीक्षकों के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड द्वारा कार्यवाही प्रचलित है। | म.प्र. प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड द्वारा विभाग के श्रम निरीक्षक एवं अन्य विभागों के समकक्ष पदों हेतु संयुक्त भर्ती परीक्षा 2017 माह जनवरी 2017 में आयोजित की गई तथा परीक्षा परीणाम माह अप्रैल 2017 में घोषित किये गये है। पीईबी से श्रम निरीक्षक पद हेतु चयनित अभ्यर्थियों की सूची कार्यालय को प्राप्त हुई है। पीईबी के निर्देशानुसार नियुक्ति पूर्व चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेजों के परीक्षण की कार्यवाही प्रचलित है। उक्त कार्यवाही पूर्ण होने के उपरांत नियुक्ति हेतु नियमानुसार पात्रता रखने वाले अभ्यर्थियों की नियुक्ति की कार्यवाही शीघ्र की जा सकेगी।<br>**ऑनलाईन प्राप्त विभागीय जानकारी**<br>**दिनांक :-16/06/2017** | कोई टिप्पणी नहीं. |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (4) | **813** | अतारांकित प्रश्न सं. 127<br>(प्रश्न क्रं. 7269)<br>दिनांक: 27/03/2017<br>(श्री यादवेन्द्र सिंह) | श्री एस.एस. दीक्षित, डिप्टी कमिश्नर श्रम भोपाल को अतिरिक्त पदों से मुक्त किया जाना। | कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। | विभाग के आदेश क्रमांक 1635/335/2017/ए-16, दिनांक 22 दिसम्बर, 2017 द्वारा श्री एस.एस.दीक्षित, उप श्रमायुक्त, भोपाल को उप श्रमायुक्त कार्यालय, श्रमायुक्त, इंदौर के पद पर अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक पदस्थ किया गया है एवं वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ आगामी आदेश तक उप श्रमायुक्त, भोपाल एवं सचिव, म.प्र. ग्रामीण/शहरी असंगठित कर्मकार कल्याण मण्डल, भोपाल का प्रभार सौंपा गया है एवं श्री एल.पी. पाठक, उप श्रमायुक्त, कार्यालय श्रमायुक्त, इंदौर को सचिव, म.प्र. भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल, भोपाल एवं कल्याण आयुक्त, म.प्र. श्रम कल्याण मण्डल, भोपाल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।<br>**ऑनलाईन प्राप्त विभागीय जानकारी**<br>**दिनांक :-30/12/2017**<br>**अद्यतन जानकारी :-**<br>विभाग के आदेश क्रमांक 1635/335/2017/ए-16 दिनांक 22/12/2017 द्वारा श्री एस.एस.दीक्षित, उप श्रमायुक्त कार्यालय, इन्दौर के पद पर पदस्थ किया किया गया है एवं वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ आगामी आदेश तक उप श्रमायुक्त भोपाल एवं सचिव मध्य प्रदेश ग्रामीण/शहरी अंसठित कर्मकार कल्याण मंडल का प्रभार सौंपा गया है एवं श्री एल.पी.पाठक उप श्रमायुक्त, कार्यालय श्रमायक्त इन्दौर को सचिव मध्य प्रदेश भवन एवं अन्य सनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल भोपाल एवं कल्याण आयुक्त मध्य प्रदेश श्रम कल्याण मंडल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वर्तमान में विभाग में उप श्रमायुक्त स्तर के केवल 02 अधिकारी पदस्थ है। उप श्रमायुक्त से निम्न स्तर के अधिकारी को उक्त पद का कार्य सौपा जाना संभव नहीं है। अतः तत्कालीन माननीय श्रम मंत्रीजी के निर्देशानुसार श्री एस.एस. दीक्षित, उप श्रमायुक्त श्रमायुक्त कार्यालय इन्दौर को उप श्रमायुक्त भोपाल एवं सचिव मध्यप्रदेश ग्रामीण/शहरी असंगठित कर्मकार कल्याण मंडल भोपाल का अतिरिक्त प्रभार सौपा गया है।<br>**ऑनलाईन प्राप्त विभागीय जानकारी**<br>**दिनांक :-27/02/2018** | कोई टिप्पणी नहीं. |

फरवरी - मार्च 2017 सत्र
पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसख्यंक कल्याण विभाग

| क्र. | आश्वाशन क्रमांक | प्रश्न संख्या/प्रश्न क्रमांक दिनांक / सदस्य का नाम | संक्षिप्त विषय | आश्वासन का रूप | शासन द्वारा की गई कार्यवाही | समिति का अभिमत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| (1) | **78** | अतारांकित प्रश्न सं. 39 (प्रश्न क्रं. 3168) दिनांक: 17/03/2015 (श्री यादवेन्द्र सिंह) पटलित दिनांक: 23/02/2017 | रीवा संभाग एवं सतना जिले में पिछड़ा वर्ग की सूची के क्रमांक 57 से कोटवार जाति को विलोपित किया जाना। | परीक्षण की कार्यवाही अभी प्रचलन में है। | प्रकरण में परीक्षण की कार्यवाही पिछड़ा वर्ग आयोग स्तर पर प्रचलन में है।<br>**ऑनलाईन प्राप्त विभागीय जानकारी**<br>**दिनांक :-08/02/2019**<br><br>**<u>अद्यतन जानकारी</u> :-**<br>कोटवार जाति को विभागीय अधिसूचना क्रमांक एफ 6-2/2017/54-1 दिनांक 22.08.2019 द्वारा राज्य पिछड़ा वर्ग की सूची के सरल क्रमांक 57 से विलोपित किया गया है।<br>**ऑनलाईन प्राप्त विभागीय जानकारी**<br>**दिनांक :- 14/12/2021** | कोई टिप्पणी नहीं. |
| (2) | **198** | परिवर्तित अतारांकित प्रश्न सं. 151 (प्रश्न क्रं. 3142) दिनांक: 01/03/2017 (कुमारी निर्मला भूरिया) | झाबुआ जिले में कौशल विकास योजनान्तर्गत प्रशिक्षण प्राप्त बेरोजगारों को रोजगार दिया जाना। | कार्यवाही वर्तमान में प्रचलन में है। | योजना नियमों में 50 प्रतिशत प्रशिक्षणार्थियों को प्लेसमेंट देने का प्रावधान है। झाबुआ जिले में संबंधित प्रशिक्षण संस्था द्वारा 30 प्रशिक्षणार्थी में से नियमानुसार 21 का प्लेसमेंट संस्था द्वारा कराया गया। जो नियमानुकूल है। प्रकरण में कार्यवाही पूर्ण हो चुकी है।<br>**ऑनलाईन प्राप्त विभागीय जानकारी**<br>**दिनांक :-27/06/2017** | कोई टिप्पणी नहीं. |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| (3) | **445** | तारांकित प्रश्न सं. 7 (प्रश्न क्रं. 4439) दिनांक: 08/03/2017 (श्री आरिफ अकील) | मण्डला जिले में वक्फ सम्पत्ति को अधिग्रहित कर बिना बोर्ड की स्वीकृति लिए मुआवजे की राशि का भुगतान वक्फ अंजुमन कमेटी, तिदनी को किए जाने की जांच एवं जांच निष्कर्ष के आधार पर दोषियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाना। | (1) इस गलती के लिए 14 तारीख को जो पत्र प्राप्त हुआ उसमें जाँच की गई है और कलेक्टर ने 20 फरवरी को इसके जांच के आदेश दे दिये हैं।<br><br>(2) वक्फ बोर्ड ने एफआईआर के आदेश दे दिये हैं और जो-जो दोषी होंगे उन पर कार्यवाही होगी, उन पर एफआईआर होगी और विधायक जी चाहेंगे तो मैं इसकी कॉपी विधायक जी को दे दूँगी।<br><br>(3) वहाँ गलत हुआ है और विवेचना के अनुसार कार्यवाही की जाएगी, जाँच में जो भी दोषी पाए जाएंगे उनके खिलाफ कार्यवाही होगी।<br><br>(4) विवेचना में जो-जो दोषी पाए जाएंगे उन पर कार्यवाही होगी और एफ.आई.आर. होगी। | प्रकरण में मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड द्वारा प्रारंभिक जांच कराई गई है प्रारंभिक जांच रिपोर्ट के आधार पर कलेक्टर मण्डला को विस्तृत जांच करने हेतु पत्र क्रमांक 1245 दिनांक 06.03.2017 के द्वारा लिखा गया है। कलेक्टर मण्डला से जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने पर गुण-दोष के आधार पर कार्यवाही की जावेगी।<br>**ऑनलाईन प्राप्त विभागीय जानकारी**<br>**दिनांक :-27/06/2017**<br><br><u>अद्यतन जानकारी</u> :-<br>प्रकरण में कोतवाली मण्डला के अप क्रमांक 129/17 धारा 420,467,468,471,120 बी ताहि. के प्रकरण में जांच पूर्ण उपरांत अभियोजन अधिकारी से विधिक राय प्राप्त कर शीघ्र अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया जावेगा।<br>**ऑनलाईन प्राप्त विभागीय जानकारी**<br>**दिनांक :- 16/03/2020**<br><br><u>अद्यतन जानकारी</u> :-<br>कलेक्टर मण्डला के जांच प्रतिवेदन के आधार पर प्रकरण में कोतवाली मण्डला द्वारा अपराध क्रमांक 129/17 के तहत मामला दर्ज कर प्रकरण में जांच उपरांत अभियोजन अधिकारी से विधिक राय प्राप्त कर अभियोजन पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।<br>**ऑनलाईन प्राप्त विभागीय जानकारी**<br>**दिनांक :- 31/01/2022**<br><br><u>अद्यतन जानकारी</u> :-<br>प्रकरण में मान. मंत्रीजी द्वारा दिये गये आश्वासन के बिन्दु क्रमांक-2 के संबंध में विभाग के पत्र दिनांक 11.07.2023 के द्वारा एफ.आई.आर की प्रति मान. विधायक जी को उपलब्ध करा दी गई है।<br>**ऑनलाईन प्राप्त विभागीय जानकारी**<br>**दिनांक :-18/07/2023** | कोई टिप्पणी नहीं. |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (4) | **872** | परिवर्तित अतारांकित प्रश्न सं. 51 (प्रश्न क्रं. 6644) दिनांक: 30/03/2017 (श्री के.डी. देशमुख) | बालाघाट जिले के विकासखण्ड कटंगी के ग्राम कोडबी में निवासरत गासी जाति को पिछड़ा वर्ग की सूची में सम्मिलित किया जाना। | (1) जी हाँ।<br>(2) नियमानुसार राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग से परीक्षण कराया जाएगा। | एक क्षेत्र विशेष से प्राप्त मांग गासी को माली जाति में या अन्य जाति के अंतर्गत शामिल/दर्ज किये जाने संबंधित मांग औचित्यपूर्ण प्रतीत नहीं होती। मूल जाति माली पूर्व से पिछडा वर्ग में शामिल है।<br>**ऑनलाईन प्राप्त विभागीय जानकारी**<br>**दिनांक :- 12/03/2018** | कोई टिप्पणी नहीं. |
| (5) | **873** | परिवर्तित अतारांकित प्रश्न सं. 110 (प्रश्न क्रं. 7784) दिनांक: 30/03/2017 (श्री इन्दर सिंह परमार) | पशुपालन पत्रोपाधी महाविद्यालय आर.ए.के. परिसर जहांगीराबाद भोपाल के पिछड़ा वर्ग के छात्रों को नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय अंतर्गत आने वाले अन्य महाविद्यालयों के छात्रों के समान पूर्ण छात्रवृत्ति शुल्क प्रतिपूर्ति की जाना। | परीक्षणोपरांत नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। | पशुपालन पत्रोपाधी महाविद्यालय आर.ए.के. परिसर जहांगीराबाद भोपाल के पिछडा वर्ग के छात्रों के लिए पूर्ण छात्रवृत्ति शुल्क प्रतिपूर्ति हेतु विभाग द्वारा आदेश जारी कर दिये गये है।<br>**ऑनलाईन प्राप्त विभागीय जानकारी**<br>**दिनांक :-11/07/2017** | कोई टिप्पणी नहीं. |
| (6) | **874** | अतारांकित प्रश्न सं. 143 (प्रश्न क्रं. 7776) दिनांक: 30/03/2017 (श्री संदीप श्री प्रसाद जायसवाल) | कटनी जिला कार्यालय द्वारा योजनाओं के बाह्य मूल्यांकन संबंधी सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र अनुसार कार्यवाही की जाना। | विभागीय योजनाओं का बाह्य मूल्यांकन राज्य योजना आयोग से कराने के संबंध में प्रस्ताव विचाराधीन है। | विभागीय योजनाओं का मूल्यांकन कराने के लिए बजट प्रावधान हेतु प्रस्ताव योजना आयोग को भेजा गया एवं वित्त विभाग से बजट प्रावधान करा लिया गया है।<br>**ऑनलाईन प्राप्त विभागीय जानकारी**<br>**दिनांक :-09/02/2018** | कोई टिप्पणी नहीं. |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (7) | **875** | अतारांकित प्रश्न सं. 156 (प्रश्न क्रं. 7825) दिनांक: 30/03/2017 (श्री आरिफ अकील) | मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड के नियंत्रणहीन भोपाल की औकाफे आम्मा मुतावल्ली कमेटी के विगत 03 वर्षो का ऑडिट कराया जाना। | संयुक्त संचालक, क्षेत्रीय कार्यालय स्थानीय निधि संपरीक्षा भोपाल को विभागीय आदेश दिनांक 10 जनवरी 2017 के संदर्भ में मुतावल्ली कमेटी इंतेजामिया औकाफ-ए-आम्मा भोपाल के लंबित लेखा वर्षो की संपरीक्षा तत्काल संपन्न किये जाने के निर्देश दिये गये है। | मुख्य कार्यपालन अधिकारी म0प्र0 वक्फ बोर्ड के पत्र क्र. बोर्डशाखा/17/7617, दिनांक 22.08.2017 के अनुसार अवगत कराया गया कि- विभागीय आदेश दिनांक 10 जनवरी 2017 के संदर्भ में मुतवल्ली कमेटी इन्तेजामिया औकाफ आम्मा के लंबित लेखों की संपरीक्षा क्षेत्रीय कार्यालय स्थानीय निधि संपरीक्षा भोपाल द्वारा पूर्ण कर ली गई है तथा पत्र क्र. 2407 दिनांक 10.07.2017 के द्वारा अंकेक्षण प्रतिवेदन प्रेषित कर पालन प्रतिवेदन चाहा गया है। औकाफ आम्मा द्वारा अंकेक्षण प्रतिवेदन का पालन प्रतिवेदन तैयार किये जाने संबंधी जानकारी दी गई है। पालन प्रतिवेदन प्रेषित करने की प्रक्रिया वर्तमान में विचाराधीन है।<br>**ऑनलाईन प्राप्त विभागीय जानकारी**<br>**दिनांक :-22/09/2017** | कोई टिप्पणी नहीं. |

| क्र. | आश्वाशन क्रमांक | प्रश्न संख्या/प्रश्न क्रमांक दिनांक / सदस्य का नाम | संक्षिप्त विषय | आश्वासन का रूप | शासन द्वारा की गई कार्यवाही | समिति का अभिमत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| (1) | 75 | परिवर्तित अतारांकित प्रश्न सं.15 (प्रश्न क्रं.235) दिनांक: 23/02/2017 (श्री निशंक कुमार जैन) | मंत्रालय के सहायक ग्रेड-3 के समान लिपिकीय संवर्ग के समस्त सहायक ग्रेड-3 को द्वितीय एवं तृतीय उच्चतर वेतनमान स्वीकृत किए जाने के प्रस्ताव का शीघ्र परीक्षण किया जाना। | प्रस्ताव का परीक्षण किया जा रहा है। | प्रस्ताव का परीक्षण किया गया, परन्तु समयमान वेतनमान योजना में उच्चतर वेतनमान दिये जाने का सिद्धान्त रखा गया है न कि पदोन्नत पद का वेतनमान । अतः सहायक ग्रेड.3 को मंत्रालय के समान पदोन्नत पद के वेतनमान दिये जाने से अन्य सभी सेवा संवर्गो के लिये भी तदनुसार ही प्रावधान किया जाना आवश्यक हो जाएगा, जिसका राज्य के वित्तीय संसाधनो पर व्यापक प्रभाव पडेगा। अतः परीक्षणोपरान्त प्रस्ताव स्वीकार करना संभव होना नही पाया। **ऑनलाईन प्राप्त विभागीय जानकारी दिनांक :-28/06/2017** | कोई टिप्पणी नहीं. |
| (2) | 314 | तारांकित प्रश्न सं.4 (प्रश्न क्रं.1708) दिनांक: 03/03/2017 (श्री राजेन्द्र फूलचंद वर्मा) | देवास जिले के कर्मचारियों को पेंशन भुगतान न किए जाने की जांच कराई जाकर भुगतान कराया जाना। | आप सूची उपलब्ध करवा दें। | प्रश्नकर्ता मान.सदस्य द्वारा पृथक से ऐसे कोई प्रकरण संज्ञान में लाए जाना ज्ञात नही है। अतः कोई कार्यवाही अपेक्षित नही है। **ऑनलाईन प्राप्त विभागीय जानकारी दिनांक :- 28/06/2017** | कोई टिप्पणी नहीं. |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (3) | 570 | परिवर्तित अतारांकित प्रश्न सं.73 (प्रश्न क्रं.5031) दिनांक: 10/03/2017 (कुँवर सौरभ सिंह) | कटनी जिलान्तर्गत माइक्रो फायनेंस कंपनियों/समूहों द्वारा ऋण ग्रहिताओं से धोखा किये जाने संबंधी प्रश्नकर्ता सदस्य की शिकायत की जांच की जाना। | आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया है। | कलेक्टर,कटनी पुलिस अधीक्षक कटनी के साथ ही भारतीय रिजर्व बैंक से प्रतिवेदन प्राप्त किया गया। कलेक्टर कटनी व्दारा प्रतिवेदन दिनांक 19.6.2017 को प्रेषित प्रतिवेदन में विभिन्न प्रायवेट फायनेंस कम्पनियों व्दारा ऋण ग्रहिताओं से धोखा किये जाने एवं परेशान किये जाने संबंधी उल्लेख नहीं है।<br>पुलिस अधीक्षक कटनी व्दारा दिनांक 25.4.2017 को प्रेषित प्रतिवेदन में स्वेच्छा से लोन लेना प्रतिवेदित किया है। यह भी प्रतिवेदित किया है कि कुछ महिला समूह की महिलाओं व्दारा लोन वापिसी नही करना चाहा रही है, इस कारण से आवेदन पत्र देना पाया गया है।<br>भारतीय रिजर्व बैंक ने अपने पत्र दिनांक 19.4.2017 में माननीय सदस्य व्दारा अपने पत्र में उठाये गये मुद्दो के संबंध में यह लेख किया है कि दिशा माइक्रोफिन लिमिटेड तथा जनलक्ष्मी फायनेंस सर्विसेस लिमिटेड के मामले में इन मुद्दो पर किसी प्रकार की अनियमितता नहीं पायी गई है। अतः वर्णित स्थिति के प्रकाश में प्रकरण में कोई कार्यवाही शेष नहीं है।<br>**ऑनलाईन प्राप्त विभागीय जानकारी**<br>**दिनांक :-20/07/2017** | कोई टिप्पणी नहीं. |
| (4) | 571 | अतारांकित प्रश्न सं.137 (प्रश्न क्रं.5521) दिनांक: 10/03/2017 (श्री नारायण सिंह पँवार) | म.प्र. में कार्यरत शासकीय महिला अध्यापक संवर्ग के कर्मियों को संतान पालन अवकाश योजना का लाभ यथाशीघ्र दिया जाना। | इस विषय पर समग्र रूप से विचार कर यथा समय निर्णय लिया जावेगा। | स्कूल शिक्षा विभाग से प्राप्त प्रस्ताव पर समग्र रूप से विचार करते हुए महिला अध्यापक संवर्ग कर्मियों को संतान पालन अवकाश स्वीकृत किये जाने संबंधी प्रस्ताव अमान्य किया गया।<br>**ऑनलाईन प्राप्त विभागीय जानकारी**<br>**दिनांक :-26/07/2017** | कोई टिप्पणी नहीं. |

| क्र. | आश्वाशन क्रमांक | प्रश्न संख्या/प्रश्न क्रमांक दिनांक / सदस्य का नाम | संक्षिप्त विषय | आश्वासन का रूप | शासन द्वारा की गई कार्यवाही | समिति का अभिमत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| (1) | **667** | परिवर्तित अतारांकित प्रश्न सं. 88 (प्रश्न क्रं. 4994) दिनांक: 21/03/2017 (श्री मुरलीधर पाटीदार) | सुसनेर वि.स. क्षेत्र में पेंशन योजना के अंतर्गत विधवाओं को पेंशन भुगतान शीघ्रातिशीघ्र किया जाना। | कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। | सुसनेर विधान सभा क्षेत्र में पेंशन योजना के अंतर्गत समस्त विधवा महिलाओं को माह मई 2017 तक पेंशन का भुगतान किया जा चुका है। **ऑनलाईन प्राप्त विभागीय जानकारी दिनांक :-10/11/2017** | कोई टिप्पणी नहीं. |
| (2) | **860** | अतारांकित प्रश्न सं. 48 (प्रश्न क्रं. 5507) दिनांक: 28/03/2017 (श्री रामकिशन पटेल) | रायसेन जिले अंतर्गत 01 जनवरी 2009 के बाद से आयोजित लोक कल्याण शिविरों में प्राप्त आवेदन पत्रों को कम्प्यूटराईजेशन किया जाना। | प्राप्त आवेदनों का कम्प्यूटराईजेशन का कार्य प्रक्रियाधीन है। | प्रकरण में मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा पूर्व में जारी पत्र दिनांक 26.02.2009 से लोक कल्याण शिविरों में प्राप्त आवेदनों को वेबसाईट http://demo.mp.nic.in/odg/ main.htm पर कम्प्यूटराईजेशन करने हेतु निर्देश प्रसारित किये गये थे, जो कि डेमो साईट थी जो कि वर्तमान में बंद हो चुकी है और फीडिंग कार्य नही किया जा सकता, जनपद पंचायतों से प्राप्त जानकारी अनुसार लोक कल्याण शिविरों में प्राप्त आवेदनों को एक्सेल फाईल में पंजीबद्ध कर रिकार्ड संधारित किया जा चुका है। **ऑनलाईन प्राप्त विभागीय जानकारी दिनांक :-10/11/2017** | कोई टिप्पणी नहीं. |

फरवरी - मार्च 2017 सत्र
मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास विभाग

| क्र. | आश्वाशन क्रमांक | प्रश्न संख्या/प्रश्न क्रमांक दिनांक / सदस्य का नाम | संक्षिप्त विषय | आश्वासन का रूप | शासन द्वारा की गई कार्यवाही | समिति का अभिमत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| (1) | **606** | तारांकित प्रश्न सं. 15 (प्रश्न क्रं. 1742) दिनांक: 20/03/2017 (श्रीमती चन्दा सुरेन्द्र सिंह गौर) | टीकमगढ़ जिले के विधान सभा क्षेत्र खरगापुर में मछुआ समितियों को योजनान्तर्गत सूखा राहत राशि का अनुदान दिया जाना। | कुछ सोसायटियां छूट गई हैं वे किस कारण छूट गई हैं इसका परीक्षण कराकर हम इस पर कार्यवाही करेंगे। | आश्वासन अनुसार सूखा राहत के लिए छूट गई सहकारिता समिति खरगापुर विधान सभा का परीक्षण कराया गया। कोई भी समिति सूखा राहत के लिये पात्र नहीं पाई गई है।<br>**ऑनलाईन प्राप्त विभागीय जानकारी**<br>**दिनांक :-27/06/2017** | कोई टिप्पणी नहीं. |
| (2) | **794** | परिवर्तित अतारांकित प्रश्न सं. 139 (प्रश्न क्रं. 7354) दिनांक: 27/03/2017 (श्री नीलेश अवस्थी) | ग्राम पंचायत अभाना, जनपद पंचायत मझौली, जिला जबलपुर में मत्स्य पालन एवं सिंघाड़ा उत्पादन हेतु नियम विरूद्ध दिये गये पट्टे निरस्त किया जाना। | तालाबों को पट्टे पर देने संबंधी आदेशों को निरस्त करने की कार्यवाही प्रचलन में है। | तालाबो के पटटे निरस्तीकरण का प्रकरण न्यायालय अतिरिक्त कमीशन जबलपुर में विचाराधीन है।<br>**ऑनलाईन प्राप्त विभागीय जानकारी**<br>**दिनांक :-27/06/2017**<br><br>**<u>अद्यतन जानकारी</u> :-**<br>न्यायालय अतिरिक्त कमिश्नर जबलपुर द्वारा प्रकरण को खारिज कर दिया गया है।<br>**ऑनलाईन प्राप्त विभागीय जानकारी**<br>**दिनांक :-31/08/2017** | कोई टिप्पणी नहीं. |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (3) | **795** | अतारांकित प्रश्न सं. 65 (प्रश्न क्रं. 5980) दिनांक: 27/03/2017 (श्री मोती कश्यप) | जनसंकल्प 2013 के बिन्दु क्रमांक 05 का शीघ्र क्रियान्वयन किया जाना। | प्रश्नाधीन जनसंकल्प 2013 के बिन्दु क्रमांक 5 के जनसंकल्प को क्रियान्वयन हेतु आयुक्त पंचायत राज्य विभाग को लिखा गया है। | जनसंकल्प 2013 के बिन्दु क्रमांक-5 "वर्तमान मत्स्य पालन नीति की कंडिकाओं में उचित परिवर्तन करते हुये नावघाट, रेतघाट एवं सिघाडा कमल कटटा की फसलों हेतु नई नीति का सृजन" के संबंध में संचालनालय के पत्र क्रमांक 2840 दि.19.09.2016 से नावघाट एवं रेतघाट की नीति हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के लिए आयुक्त पंचायत राज विभाग अरेरा हिल्स भोपाल को लिखा गया था तथा पुन: क्रमांक 4663 दिनांक 25.1.17 से स्मरण कराया गया संचालक पंचायत राज संचालनालय म0प्र0 ने अवगत कराया है कि म0प्र0 जनपद पंचायत नाव घाट प्रबंधन पूर्व में ही प्रचलित है । उक्त विषय विभाग से संबंधित न होने से एकल नस्ती जावक क्रमांक 250 दिनांक 04.3.2017 से शासन के माध्यम से उक्त बिन्दु को विलोपित करने हेतु सामान्य प्रशासन विभाग को प्रस्ताव भेजा गया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा नस्ती क्रमांक 955/2017/1/9 दिनांक 19.5.2017 से नावघाट एवं रेतघाट विलोपित कर दिया गया है। **ऑनलाईन प्राप्त विभागीय जानकारी दिनांक :-27/06/2018** | कोई टिप्पणी नहीं. |
| (4) | **796** | अतारांकित प्रश्न सं. 158 (प्रश्न क्रं. 7393) दिनांक: 27/03/2017 (श्री सुखेन्द्र सिंह) | रीवा जिले में जलमोहरा जलाशय के समीप फेरीफेटल पोण्ड निर्माण हेतु चयनित भूमि से अवरोध हटाने की कार्यवाही शीघ्र की जाना। | भूमि से अवरोध हटाने के लिये कार्यवाही प्रचलन में है। | सहायक संचालक मत्स्योद्योग रीवा के पत्र क्रमांक 634 दिनांक 15-06-2017 से अवगत कराया गया कि प्रस्तावित चयनित भूमि पर कोई अवरोध नही। **ऑनलाईन प्राप्त विभागीय जानकारी दिनांक :-27/06/2017** | कोई टिप्पणी नहीं. |

फरवरी - मार्च 2017 सत्र
संस्कृति विभाग

| क्र. | आश्वाशन क्रमांक | प्रश्न संख्या/प्रश्न क्रमांक दिनांक / सदस्य का नाम | संक्षिप्त विषय | आश्वासन का रूप | शासन द्वारा की गई कार्यवाही | समिति का अभिमत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| (1) | **572** | तारांकित प्रश्न सं. 3 (प्रश्न क्रं. 264) दिनांक: 10/03/2017 (श्री जितेन्द्र गेहलोत) | रतलाम जिले की आलोट विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत पुरातत्व विभाग की इमारतों, मंदिरों, स्थानों को तेरहवें वित्त आयोग से प्राप्त राशि से विकसित किया जाना । | आलोट के कामों की उनकी जो लिस्ट है, उसका परीक्षण करा लिया जायेगा । इस राशि से वह काम नहीं हो सकते, लेकिन उसके बाद भी पुरातत्व विभाग द्वारा उसकी परीक्षण कराकर जहां आवश्यकता होगी उसके अनुसार काम करा लिया जायेगा । | आलोट तहसील जिला रतलाम एवं ताल स्थित अनादि कल्पेश्वर, महादेव मंदिर, भादवा माता मंदिर का निरीक्षण विभाग द्वारा किया गया है। उक्त मंदिर पुरातात्विक महत्व के नहीं हैं। अत: संस्कृति विभाग की ओर से कोई कार्यवाही शेष नहीं है । **ऑनलाईन प्राप्त विभागीय जानकारी दिनांक :-07/07/2017** | कोई टिप्पणी नहीं. |
| (2) | **573** | परिवर्तित अतारांकित प्रश्न सं. 63 (प्रश्न क्रं. 4635) दिनांक: 10/03/2017 (श्री गोविन्द सिंह पटेल) | नरसिंहपुर जिले के गाडरवारा विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत चौमान किले के जीर्णोद्धार एवं विकास कार्यों में की गई अनियमितताओं की जांच की जाना । | रिपोर्ट प्राप्ति उपरांत नियमानुसार कार्यवाही कराई जावेगी । | कलेक्टर नरसिंहपुर द्वारा उनके प्रतिवेदन में लेख किया गया है कि जांच के समय ली गई नमूना जो जांच का मुख्य आधार था जिसका लेब टेस्ट न होने और किये गये कार्य दो वर्ष तीन माह से अधिक होने पर जांच समिति द्वारा कोई तकनीकी प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किया जा सका है। अत: इन परिस्थितियों में जांच कार्यवाही समाप्त की जाने की अनुशंसा की जाती है। अत: जांच में कोई अनियमितता न पाये जाने से प्रकरण (आश्वासन) समाप्त किया जाता है । **ऑनलाईन प्राप्त विभागीय जानकारी दिनांक :- 28/06/2018** | कोई टिप्पणी नहीं. |

| क्र. | आश्वाशन क्रमांक | प्रश्न संख्या/प्रश्न क्रमांक दिनांक / सदस्य का नाम | संक्षिप्त विषय | आश्वासन का रूप | शासन द्वारा की गई कार्यवाही | समिति का अभिमत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| (1) | **62** | तारांकित प्रश्न सं. 23 (प्रश्न क्रं. 740) दिनांक: 23/02/2017 (श्री नारायण सिंह पँवार) | ब्यावरा नगर के धार्मिक पर्यटन स्थल श्री अंजनीलाल मंदिर के विकास कार्य को शीघ्र पूर्ण कराया जाना। | विकास कार्य की निविदा कार्यवाही प्रचलन में है। | कार्य स्थल का भूमि पूजन दिनांक 28.05.2017 को सम्पन्न किया गया, कार्य प्रारंभ कर स्वीकृति अनुसार किये जा रहे है। **ऑनलाईन प्राप्त विभागीय जानकारी दिनांक :-13/07/2017** | कोई टिप्पणी नहीं. |
| (2) | **63** | अतारांकित प्रश्न सं. 3 (प्रश्न क्रं. 27) दिनांक: 23/02/2017 (डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय) | रतलाम जिले की जावरा तहसील अन्तर्गत कांकरवा पर्यटन स्थल को यथाशीघ्र विद्युतीकरण कराया जाना। | कार्य आगामी 3-4 माह में पूर्ण होने की संभावना है। | ऊर्जा विभाग द्वारा रतलाम जिले की जावरा तहसील अंतर्गत कांकरवा पर्यटन स्थल पर विद्युतीकरण हेतु दिनांक 03.02.2017 को प्रशासनिक अनुमोदन प्रदान किया गया था। पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के निर्माण उप संभाग द्वारा कार्य प्रारंभ करने के दौरान वास्तविक भौतिक सर्वे एवं स्वीकृत प्राक्कलन में प्रस्तावित कार्यो में अंतर पाये जाने के कारण प्राक्कलन पुनरीक्षित किया गया है, जिसके अनुमोदन हेतु कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। पुनरीक्षित प्राक्कलन के अनुमोदनोपरांत उक्त विद्युतिकरण का कार्य माह अक्टूबर 2017 तक पूर्ण किया जाना संभावित है। **ऑनलाईन प्राप्त विभागीय जानकारी दिनांक :-23/06/2017**<br><br>अद्यतन जानकारी :-<br>रतलाम जिले की जावरा तहसील के अंतर्गत कांकरवा पर्यटन स्थल पर विद्युतीकरण का कार्य दिनांक 08.07.2017 को पूर्ण कर स्थापित विद्युत वितरण ट्रांसफार्मर एवं लाईन को ऊर्जीकृत कर दिया गया है। **ऑनलाईन प्राप्त विभागीय जानकारी दिनांक :-09/02/2018** | कोई टिप्पणी नहीं. |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (3) | **562** | परिवर्तित अतारांकित प्रश्न सं. 34 (प्रश्न क्रं. 3951) दिनांक: 10/03/2017 (श्री दिनेश राय (मुनमुन)) | सिवनी जिले में पुरातत्व की दृष्टि से संरक्षित आवेगांव का किला, रिछारिया देव स्थान एवं ग्वारी संरक्षित स्मारक के विकास हेतु जारी निविदा की स्वीकृति देकर इस क्षेत्र को विकसित किया जाना। | निविदा कार्यवाही प्रचलन में है। | पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय, मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा रिछारिया देव का स्थान ग्वारी जिला सिवनी के लिए वित्तीय वर्ष 2016-17 में राशि रू. 6,38,300/- की राशि स्वीकृत हुई, जिसकी ई-निविदा अनुमोदन पश्चात राशि रू. 5,38,400/- की राशि से स्मारण के परिसर की स्टोन फ्लोरिंग, पेडिस्टल की पुताई एवं दिशासूचक बोर्ड लगाने का नियत समयावधि में पूर्ण करा लिया गया है।<br>**ऑनलाईन प्राप्त विभागीय जानकारी**<br>**दिनांक :-23/06/2017** | कोई टिप्पणी नहीं. |
| . (4) | **763** | तारांकित प्रश्न सं. 6 (प्रश्न क्रं. 6149) दिनांक: 24/03/2017 (कुँवर सौरभ सिंह) | कटनी जिले की विधानसभा क्षेत्र बहोरीबंद के अन्तर्गत प्राचीन पर्यटन स्थलों को विकसित किया जाना। | (1) परीक्षण करके सुविधाएं वहां पर उपलब्ध करा दी जाएंगी।<br><br>(2) ठीक है। | विभागीय आदेश क्रमांक 473/योजना -740 /अ.पर्य/ 2017, दिनांक 17/07/2017 द्वारा उपलब्ध बजट के अनुरूप उल्लेखित 4 कार्यो के लिए 21.50 लाख की स्वीकृति जारी की जा चुकी है।<br>**ऑनलाईन प्राप्त विभागीय जानकारी**<br>**दिनांक :-09/02/2018** | कोई टिप्पणी नहीं. |

फरवरी - मार्च 2017 सत्र

लोक सेवा प्रबंधन विभाग

| क्र. | आश्वाशन क्रमांक | प्रश्न संख्या/प्रश्न क्रमांक दिनांक / सदस्य का नाम | संक्षिप्त विषय | आश्वासन का रूप | शासन द्वारा की गई कार्यवाही | समिति का अभिमत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| (1) | **388** | अतारांकित प्रश्न सं.7 (प्रश्न क्रं.391) दिनांक: 07/03/2017 (प्रो. संजीव छोटेलाल उइके) | मण्डला विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत प्राप्त शिकायतों में से शेष 145 शिकायतों का शीघ्र निराकरण किया जाना। | शेष 145 शिकायतों पर कार्यवाही प्रचलित है। | मण्डला विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत में लंबित 145 शिकायतों पर कार्यवाही की जाकर पूर्ण 145 शिकायतों का निराकरण किया जा चुका है।<br>**ऑनलाईन प्राप्त विभागीय जानकारी दिनांक :-15/03/2018** | कोई टिप्पणी नहीं. |

## फरवरी - मार्च 2017 सत्र
## घुमन्तु और अर्द्ध घुमन्तु जनजाति विभाग

| क्र. | आश्वाशन क्रमांक | प्रश्न संख्या/प्रश्न क्रमांक दिनांक / सदस्य का नाम | संक्षिप्त विषय | आश्वासन का रूप | शासन द्वारा की गई कार्यवाही | समिति का अभिमत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| (1) | **210** | अतारांकित प्रश्न सं. 145 (प्रश्न क्रं. 2950) दिनांक: 01/03/2017 (श्री मुकेश पण्ड्या) | बड़नगर विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत विमुक्त, घुमक्कड़, अर्द्ध घुमक्कड़ जनजाति के व्यक्तियों को पात्रतानुसार पट्टा वितरण किया जाना। | शेष परिवारों को पट्टा वितरण हेतु पात्रता परीक्षण कराया जाकर कार्यवाही नियमानुसार की जावेगी। | बढ़नगर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत विमुक्त घुमक्कड़ एवं अर्द्धघुमक्कड़ जनजाति के व्यक्तियों में नट समाज के 140 परिवारों में से 52 पात्र परिवारों को पट्टा प्रदान किये गये व शेष 88 परिवार अपात्र पाये गये।<br>**ऑनलाईन प्राप्त विभागीय जानकारी**<br>**दिनांक :-15/02/2019** | कोई टिप्पणी नहीं. |
| (2) | **463** | परिवर्तित अतारांकित प्रश्न सं. 19 (प्रश्न क्रं. 1325) दिनांक: 08/03/2017 (श्री अरूण भीमावद) | शाजापुर विधान सभा क्षेत्र में निवासरत् विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुम्मकड़ बस्तियों के विकास हेतु राशि उपलब्ध कराई जाना। | जी हाँ। जिले को प्रश्नांश (ग) भाग में वर्णित अनुसार राशि उपलब्ध कराई जायेगी। | बस्ती विकास योजना के अंतर्गत वित्त विभाग द्वारा पर्याप्त बजट उपलब्ध नहीं कराये जाने के कारण जिले को राशि उपलब्ध नहीं करायी जा सकी है।<br>**ऑनलाईन प्राप्त विभागीय जानकारी**<br>**दिनांक :-09/07/2020**<br><br>**<u>अद्यतन जानकारी</u> :-**<br>शाजापुर विधानसभा क्षेत्र में बस्ती विकास में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करने के आश्वासन के संदर्भ में जिला शाजापुर को वित्तीय वर्ष 2018-19 में राशि रूपये 24.98 लाख आवंटित की गई है तथा वित्तीय वर्ष 2019-20 में राशि रूपये 67.99 लाख बस्ती विकास योजना अंतर्गत राशि आवंटन की गई है।<br>**ऑनलाईन प्राप्त विभागीय जानकारी**<br>**दिनांक :-16/10/2024** | कोई टिप्पणी नहीं. |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (3) | **464** | अतारांकित प्रश्न सं. 194 (प्रश्न क्रं. 4898) दिनांक: 08/03/2017 (सुश्री हिना लिखीराम कावरे) | बालाघाट जिलान्तर्गत विमुक्त, घुम्मकड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ जातियों का निश्चित समय सीमा में सर्वे कराकर चिन्हित जातियों को सरकार की योजना का लाभ दिया जाना। | विभाग द्वारा सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में इन जनजातियों का सर्वेक्षण कराये जाने की कार्यवाही की जा रही है। | राष्ट्रीय सूचना केन्द्र (एनआईसी) के सहयोग से सर्वेक्षण का कार्य कराया जा रहा हैं। **ऑनलाईन प्राप्त विभागीय जानकारी दिनांक :-06/11/2017** | कोई टिप्पणी नहीं. |
| (4) | **691** | तारांकित प्रश्न सं. 8 (प्रश्न क्रं. 6029) दिनांक: 22/03/2017 (श्री सचिन यादव) | खरगोन जिले के कसरावद विकासखंड अंतर्गत सामुदायिक भवनों के निर्माण कार्यों एवं सी.सी. रोड निर्माण कार्यो की स्वीकृति शीघ्र की जाकर कार्य पूर्ण कराए जाना। | (1) जनपद के माध्यम से इस काम को जल्दी से जल्दी करा दिया जाएगा । बाकी जो दो काम हैं उसमें से एक शहरी क्षेत्र में आता है और एक पर परीक्षण कराया जा रहा है कि विमुक्त घुमक्कड़ और अर्ध घुमक्कड़ वर्ग के लोग वहाँ पर हैं कि नहीं।<br><br>(2) 4 काम जल्दी से जल्दी कर दिये जाएंगे। | शेष कार्य सीमित बजट होने के कारण पूर्ण कराना संभव नहीं है। **ऑनलाईन प्राप्त विभागीय जानकारी दिनांक :-03/07/2018** | समिति इस अपेक्षा के साथ प्रकरण समाप्त करती है कि माननीय सदस्य की मंशानुरूप तथा आमजन की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुये विभाग द्वारा उक्त कार्यो को पूर्ण करने के संबंध में कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| (5) | **692** | परिवर्तित अतारांकित प्रश्न सं. 105 (प्रश्न क्रं. 6409) दिनांक: 22/03/2017 (श्री गिरीश भंडारी) | प्रश्न क्र. 79, दिनांक 18.7.2016 के संदर्भ में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, जिला नरसिंहगढ़ द्वारा ग्राम हुलीखेड़ा में आवासों में की गई अनियमितता के दोषियों के विरूद्ध जांच संस्थित कर जांच निष्कर्षों के आधार पर कार्यवाही व राशि वसूल की जाना। | राशि वसूली एवं विभागीय जांच के निर्देश जारी किए गए है। | कार्यालय कलेक्टर, पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग जिला राजगढ़(ब्यावरा) म0प्र0 के पत्र के पत्र क्रमांक 516/वि.घु.अर्द्ध.घु/2017-18/1280 राजगढ़ दिनांक 07.02.2018 के अनुसार दोषी अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्ध जिला पंचायत राजगढ़ का आदेश क्रमांक 2300/प्र.प.को./स्था./दि. 28.03.2017 के द्वारा श्री राम सिंह पवार पंचायत समन्वय जनपद पंचायत नरसिंहगढ़ की आगामी एक वार्षिक वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी गई हैं एवं पत्र क्रमांक 2298/प्र.प्र.को./स्था./17 दि.28.03.2017 के श्री राजाराम वर्मा, पंचायत समन्वय जनपद पंचायत नरसिंहगढ़ की आगामी एक वार्षिक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी गई है एवं पत्र क्रमांक 2302/प्र.प्र.को./स्था./17 दिनांक 28.03.2017 के द्वारा श्री जगदीश सिंह तत्कालीन सचिव ग्राम पंचायत हुलखेड़ी का निलंबन किया गया है। अनुभागीय अधिकारी (राजस्व) नरसिंहगढ़ के द्वारा ग्राम पंचायत हुलखेड़ी के सरपंच के विरूद्ध धारा-40 एवं 92 के तहत वसूली योग्य राशि 2.70 लाख की वसूली की कार्यवाही किश्तों में की जा रही है।<br>**ऑनलाईन प्राप्त विभागीय जानकारी**<br>**दिनांक :-30/07/2018** | कोई टिप्पणी नहीं. |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (6) | **885** | परिवर्तित अतारांकित प्रश्न सं. 59<br>(प्रश्न क्रं. 7133)<br>दिनांक: 30/03/2017<br>(श्री के.डी. देशमुख) | बालाघाट जिले में चाकाहेटी से सतीटोला मार्ग पर पड़ने वाले नाले पर पुलिया का निर्माण किया जाना। | कार्यवाही प्रचलन में है। | कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) बालाघाट का पत्र क्र. -10019/बालाघाट दिनांक 21.03.2017 के द्वारा चाकाहेटी से सतीटोला मार्ग पर पड़ने वाले नाले पर पुलिया के निर्माण किये जाने के संबंध में पत्र क्र. 9036 दिनांक 28.01.2017 द्वारा सचिव गौण खनिज बालाघाट को निर्माण कार्य हेतु प्रस्ताव भेजा गया है। अत: उक्त योजना विभाग में संचालित नहीं है।<br>**ऑनलाईन प्राप्त विभागीय जानकारी**<br>**दिनांक :-03/07/2018**<br><br>अद्यतन जानकारी :-<br>चाकाहेटी से सतिटोला मार्ग पर पड़ने वाले नाले पर पुलिया निर्माण का कार्य दिनांक 01/10/2020 को ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग क्रमांक-02 बालाघाट द्वारा कराया जा चुका है।<br>**ऑनलाईन प्राप्त विभागीय जानकारी**<br>**दिनांक :- 24/09/2024** | कोई टिप्पणी नहीं. |

## फरवरी - मार्च 2017 सत्र
## सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग

| क्र. | आश्वाशन क्रमांक | प्रश्न संख्या/प्रश्न क्रमांक दिनांक / सदस्य का नाम | संक्षिप्त विषय | आश्वासन का रूप | शासन द्वारा की गई कार्यवाही | समिति का अभिमत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| (1) | **426** | परिवर्तित अतारांकित प्रश्न सं. 146 (प्रश्न क्रं. 4365) दिनांक: 07/03/2017 (श्रीमती सरस्वती सिंह) | कटनी जिलान्तर्गत औद्योगिक क्षेत्र में भूमि का आवंटन करने वाले आवंटन अधिकारी द्वारा 02 इकाईयों के पट्टे बहाल करने के संबंध में की गई जांच प्रतिवेदन के निष्कर्ष के आधार पर नियमानुसार कार्यवाही की जाना। | जाँच प्रतिवेदन के आधार पर कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। | श्री बाबा साल्वे, तत्कालीन महाप्रबंधक, (से.नि.) जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, कटनी को दोषी पाये जाने के फलस्वरूप शासन को पहुंचाई गई हानि रूपये 4000/- की वसूली इन्हें देय पेंशन/उपादान की राशि से वसूल करने के संबंध में आदेश क्रमांक एफ 8-98/2017/बी-73 दिनांक 29.08.2018 जारी किया गया है।<br>**ऑनलाईन प्राप्त विभागीय जानकारी**<br>**दिनांक :-07/01/2019** | कोई टिप्पणी नहीं. |
| (2) | **427** | अतारांकित प्रश्न सं. 202 (प्रश्न क्रं. 4851) दिनांक: 07/03/2017 (श्रीमती रेखा यादव) | प्रदेश में संचालित **"मुख्यमंत्री स्व-रोजगार योजना"** अंतर्गत प्राप्त ऋण संबंधी प्रकरणों में से शेष प्रकरणों पर ऋण वितरण की कार्यवाही की जाना। | शेष प्रकरणों में वितरण की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। | वित्तीय वर्ष 2016-17 में योजना अंतर्गत छतरपुर जिले को निर्धारित लक्ष्य 510 के विरूद्ध कुल 517 प्रकरणों में स्वीकृति पश्चात 511 प्रकरणों में ऋण वितरण की कार्यवाही कर लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है।<br>**ऑनलाईन प्राप्त विभागीय जानकारी**<br>**दिनांक :-03/10/2017** | कोई टिप्पणी नहीं. |

| क्र. | आश्वाशन क्रमांक | प्रश्न संख्या/प्रश्न क्रमांक दिनांक / सदस्य का नाम | संक्षिप्त विषय | आश्वासन का रूप | शासन द्वारा की गई कार्यवाही | समिति का अभिमत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| (1) | **107** | ध्यानाकर्षण (सूचना क्रं. 234) दिनांक: 27/02/2017 (श्रीमती सरस्वती सिंह) | सिंगरौली जिले के गोरबी कॉलरी में कोयला लोडिंग किये जाने पर वहां प्रदूषण फैलने तथा पर्यावरण के प्रभावित होने की जांच के लिए जांच समिति गठित कर जांच कराई जाना। | (1) माननीय सदस्या ने पर्यावरण की चिंता की है. हम हमारे विभाग के अधिकारियों से इसकी जांच करा लेंगे ।<br><br>(2) आपको भी रखा जाएगा । | मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों की गठित समिति द्वारा दिनांक 29/06/2017 को माननीय विधानसभा सदस्य श्रीमती सरस्वती सिंह के साथ गोरबी कॉलरी के पास कोयला लोडिंग-अनलोडिंग स्टेशन महदेईयां का संयुक्त निरीक्षण कर लिया गया है । माननीय विधायिका की अध्यक्षता में दिनांक 29/6/17 को किये गये निरीक्षण एवं दिये गये निर्देशों के परिपालन में क्षेत्रीय अधिकारी,मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड,सिंगरौली ने पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किये जाने हेतु संबंधित संस्थान को वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु पर्यावरण संरक्षण हेतु सक्षम प्रदूषणरोधी व्यवस्थायें किये जाने के लिये निर्देशित किया गया है ।<br>**ऑनलाईन प्राप्त विभागीय जानकारी**<br>**दिनांक :-04/09/2017** | कोई टिप्पणी नहीं. |
| (2) | **341** | तारांकित प्रश्न सं. 8 (प्रश्न क्रं. 894) दिनांक: 06/03/2017 (श्री राजेन्द्र फूलचंद वर्मा) | दिनांक 01 मई, 2017 से प्रदेश में पॉलीथिन प्लास्टिक कैरी बैग के उपयोग पर पूर्णत: प्रतिबंध लगाया जाना । | 01 मई से माननीय मुख्यमंत्री जी की घोषणा के अनुसार प्लास्टिक कैरी बैग को पूर्ण प्रतिबंधित कर दिया जाएगा । | मध्यप्रदेश जैव अनाश्य अपशिष्ट (नियंत्रण) अधिनियम,2004 की धारा-3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए लोक हित में सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में प्लास्टिक थैलियों के उत्पादन,भण्डारण, परिवहन, विक्रय और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। इस संबंध में विभागीय अधिसूचना क्रं0 एफ 5-2/2015/18-5,दिनांक 24/5/2017 असाधारण राजपत्र दिनांक 24/5/2017 में प्रकाशित की गई है।<br>**ऑनलाईन प्राप्त विभागीय जानकारी**<br>**दिनांक :-01/06/2017** | कोई टिप्पणी नहीं. |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (3) | **601** | अतारांकित प्रश्न सं. 177<br>(प्रश्न क्रं. 6440)<br>दिनांक: 20/03/2017<br>(श्री जितू पटवारी) | म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय, इंदौर के अंतर्गत बिल्डरों/संचालकों द्वारा बिना बोर्ड की सम्मति के कराए गए कार्यो की जांच एवं निष्कर्ष के आधार पर दोषी बिल्डरों/संचालकों पर कार्यवाही की जाना। | बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय, इंदौर के अंतर्गत 22 बिल्डरों/संचालकों को बोर्ड की बगैर सम्मति के निर्माण कार्य करने, घरेलू दूषित जल उपचार व्यवस्था नहीं करने एवं प्रावधानों का उल्लंघन बोर्ड के संज्ञान में आने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए है। | बोर्ड द्वारा 11 बिल्डरों/संचालकों के विरूद्व जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 के प्रावधानों के तहत न्यायालयीन वाद दायर किये गये है। 05 बिल्डरों/संचालकों द्वारा बोर्ड से सम्मति प्राप्त कर ली गई है, 01 बिल्डर का सम्मति हेतु आवेदन विचाराधीन है एवं 05 बिल्डरों/संचालकों द्वारा घरेलू दूषित जल उपचार संयंत्र का नियमित रूप से संचालन किया जा रहा है।<br>**ऑनलाईन प्राप्त विभागीय जानकारी**<br>**दिनांक :-28/08/2017** | कोई टिप्पणी नहीं. |

स्थान :- भोपाल
दिनांक :- 17 मार्च, 2025

**हरिशंकर खटीक**
सभापति
शासकीय आश्वासनों संबंधी समिति